## 5 .30 लाख की शराब से भरी बोलेरो जब्त, 1 तस्कर पकड़ा

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 25 अगस्त।** अवैध विक्रय के लिए ले जाई जा रही 100 पेटी देशी शराब से भरी

**मुखबिर की सूचना पर अंबाह पुलिस ने हासिल की सफलता**

बोलेरो लोडिंग जीप को अंबाह पुलिस ने जब्त किया है। पुलिस ने शराब का परिवहन कर रहे एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। जब्त की गई शराब का बाजारू



मूल्य 5 लाख 30 हजार रूपये आंका गया है।

जानकारी के अनुसार अंबाह थाना प्रभारी सतेन्द्र सिंह कुशवाह को मुखबिर ने सूचना दी कि पोरसा की ओर से तस्कर लोडिंग जीप में शराब की बड़ी खेप लेकर आने वाले है। सूचना के आधार पर पुलिस ने किशनपुरा गांव के बंबा के पास चैक पॉइंट लगाकर वाहनों की चैकिंग शुरू की। इसी दौरान पुलिस ने लुखरियाई रोड से बोलेरो जीप क्रं. आरजे23-जीबी-8585 को पकड़ा। जीप में देशी शराब की 100 पेटियां भरी हुई मिलीं। जिनके संबंध में वाहन का ड्राईवर वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।

पुलिस ने शराब सहित जीप को जब्त कर ड्राईवर को गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई में निरी. सतेन्द्र सिंह कुशवाह, एसआई बालकुमार, एएसआई किशन सिंह, आर. जोगेन्द्र सिंह, लखन प्रताप, ओमप्रकाश, जितेन्द्र तोमर, दिनेश, आरक्षक चालक राकेश जाट शामिल थे।

## अलोपी शंकर पहाड़िया पर शान से लहरा रहा तिरंगा

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/कैलारस, 25 अगस्त।** कस्बा कैलारस में हाल ही में अलोपी शंकर मंदिर की पहाड़िया पर 700 फीट ऊंचाई पर लगाया गया तिरंगा अब नगर की शान बन चुका है। अलोपी शंकर पहाड़िया पर लहरा रहे तिरंगें को नगर में दूर-दराज के स्थानों से भी देखा जा सकता है।

अलोपी शंकर पहाड़िया पर तिरंगा झंडा नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती अंजना बृजेश बंसल के प्रयासों से स्थापित हुआ है। जिसका हाल ही मे मप्र विस अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने



उद्घाटन किया था। यहां बताना होगा कि नपा कैलारस द्वारा नगर के विकास और जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए लगातार निर्माण कार्य कराए जा रहे है। नपा के इन प्रयासों में अलोपी शंकर पहाड़िया पर स्थापित किया गया तिरंगा अब कैलारस नगर की आन-बान और शान का प्रतीक बन गया है। नपाध्यक्ष अंजना बृजेश बंसल का कहना है कि कैलारस नगर को स्वच्छ बनाने और जनसुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे है। 700 फीट ऊंचाई पर तिरंगा झंडे के उद्घाटन अवसर पर नपाध्यक्ष श्रीमती बंसल सहित तहसीलदार नरेश शर्मा सहित अन्य अधिकारियों एवं समाजसेवियों ने पर्यावरण के लिए वृक्षारोपण भी किया था।



## साहित्यकार भारती जैन की पुस्तक समय सिकंदर है विमोचित

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 25 अगस्त।** नगर मुरैना की वरिष्ठ साहित्यकार भारती जैन दिव्यांशी की चौथी पुस्तक समय सिकंदर है (मुक्तक संग्रह) का विमोचन सोमवार को मप्र शासन के पूर्व गृहमंत्री उमाशंकर गुप्ता ने विमोचन किया।

इससे पूर्व भारती जैन दिव्यांशी की तीन पुस्तकें बहुत दिनों के बाद (गजल संग्रह), दर्पण का सच (गीत संग्रह) एवं ज्योतिर्गमय (खंडकाव्य) प्रकाशित होकर पाठकों के मध्य

**मप्र के पूर्व गृहमंत्री उमाशंकर गुप्ता ने किया विमोचन**

चर्चा एवं प्रशंसा का केन्द्र बिंदु बनी हुई है। साहित्यकार दिव्यांशी ने देश-प्रदेश के तमाम साहित्यिक मंचों से काव्यपाठ एवं अनेक साहित्यिक गतिविधियों में सम्मानित होकर नगर का मान एवं गौरव बढ़ाया है। पुस्तक विमोचन के कार्यक्रम में वैश्य महासभा की इकाईयों के अध्यक्ष, राष्ट्रीय अध्यक्ष, महामंत्री, संगठन मंत्री सहित महिला एवं पुरुष पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन महिमा जैन सुधी ने किया।

## पोर्टल की विसंगतियों को लेकर मप्र पटवारी संघ ने दिया ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 25 अगस्त।** मप्र पटवारी संघ की मुरैना इकाई द्वारा सोमवार को अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। इस ज्ञापन में वेब जीआईएस 2.0 पोर्टल पर आ रही विसंगतियों कार्य संपादन में तकनीकी व्यवहारिक परेशानियों के निदान की मांग की गई है। ज्ञापन पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष गौरीशंकर के नेतृत्व में दिया गया।

ज्ञापन में बताया गया कि नवीन पोर्टल में कार्य करने हेतु ओटीपी अनिवार्य करने से राजस्व न्यायालयों के आदेशों का अमल अभिलेखों में नहीं हो पा





रहा है। जिससे किसानों के रजिस्ट्री, नामान्तरण, खसरा, आधार, ई-केवाईसी सत्यापन, साइबर तहसील नामान्तरण, बंटवारा व अन्य राजस्व कार्य नहीं हो पा रहे है। पोर्टल में अभी तक कोई सुधार ना होने से व ओटीपी सिस्टम ना हटाए जाने से मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप त्वरित नामांतरण, बंटवारा दुरुस्ती पर अमल नहीं हो पा रहा है। जिससे अधिकारियों द्वारा पटवारियों को विभिन्न प्रकार से दंडात्मक कार्रवाई कर अनुचित रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। मजबूरन प्रदेशभर के पटवारी 1 सितंबर से नवीन ऑनलाइन वेब जीआईएस 2.0 पोर्टल पर सम्पादित होने वाले कार्यो से विरत रहेंगे, किन्तु अन्य शासकीय कार्य यथावत करते रहेंगे। ज्ञापन देने वालों में महेश उच्चाड़िया, देवेन्द्र पाराशर, विजय राठौर, महावीर सिंह, सुनील शर्मा, अवतार सिंह यादव, यतेन्द्र सिकरवार, सुरेन्द्र राठौर, सेवक सिकरवार, अमित मांझी, केके मुदगल, केके शर्मा, सुनीता शाक्य, शिल्पा कुरेशी, ऋतु शर्मा, विक्रम यादव, हर्षित दीक्षित, देवेन्द्र निगम, ज्ञानवीर दुबे, तुलसीराम, राधाकिशन डण्डौतिया, अरुण डंडौतिया, अरविंद सिकरवार, देवेन्द्र सिंह आदि शामिल थे।

## बिहारी कॉन्वेंट स्कूल ने किया मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट का भ्रमण

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 25 अगस्त।** शैक्षणिक भ्रमण के तहत बिहारी कॉन्वेंट स्कूल के कक्षा-3 से कक्षा-9 तक के छात्र-छात्राओं ने को सोमवार

**दूध के संग्रहण से लेकर प्रोसेसिंग और पैकेजिंग की प्रक्रिया को नजदीक से देखा**

को पार्वती डेयरी प्राइवेट लिमिटेड के मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट का भ्रमण किया।

लर्निंग बियॉन्ड क्लासरूम के तहत इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान



विद्यार्थियों ने मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट में दूध के संग्रहण से लेकर उसकी प्रोसेसिंग कर दुग्ध उत्पाद तैयार किए जाने और पैकिंग की प्रक्रिया का अवलोकन किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने आधुनिक मशीनों के माध्यम से दूध को गर्म करने, गुणवत्ता जांचने, पाश्चुरीकरण प्रक्रिया के बाद सुरक्षित तरीके से स्वच्छता के साथ पैकिंग कर बाजार तक पहुंचानें के पूरे सिस्टम को समझा। बच्चों ने प्लांट में वैज्ञानिक तरीके से बनने वाले दही की भूमिका सहित लस्सी, छांछ, मक्खन और घी के उत्पादन की प्रक्रियाओं का देखा और अनुभव किया। इस भ्रमण कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को खाद्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी की वास्तविक झलक दिखाई गई। विद्यालय प्रबंधन ने सहयोग के लिए पार्वती डेयरी के प्रबंधक एवं स्टाफ का धन्यवाद ज्ञापित किया। जिन्होंने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर इस शैक्षणिक यात्रा को अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायी बनाया।

## मुरैना-अंबाह एसडीएम का 3-3 दिन का वेतन कटेगा

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 25 अगस्त।** समस्त विभागों में प्राप्त समस्याओं के निराकरण हेतु टीएल पत्रकों को चिन्हित कर संबंधित अधिकारियों

**टीएल पत्रों का निराकरण न करने पर कलेक्टर के निर्देश**

को पोर्टल के माध्यम से प्रेषित किया जाता है, किंतु अनेक अधिकारी इन पत्रकों को खोलकर उनका निराकरण करना आवश्यक नहीं समझते। परिणामस्वरूप पोर्टल पर लंबित टीएल पत्रकों की



संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है।

कलेक्टर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे इन पत्रकों का शीघ्रता एवं गंभीरता से निराकरण सुनिश्चित करें, अन्यथा उनके विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। यह निर्देश कलेक्टर द्वारा 25 अगस्त को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मुरैना में आयोजित टीएल बैठक के दौरान दिए गए। समीक्षा के दौरान अंबाह एवं मुरैना एसडीएम के विरुद्ध असंतोषजनक प्रदर्शन की शिकायतें प्राप्त हुई। इन अधिकारियों द्वारा पत्रकों के निराकरण में उदासीनता बरती गई। इस पर कलेक्टर ने अंबाह एसडीएम रामनिवास सिकरवार एवं मुरैना एसडीएम बीएस कुशवाह का तीन-तीन दिवस का वेतन काटने के निर्देश अपर कलेक्टर को दिए। बैठक में सीईओ कमलेश कुमार भार्गव, अपर कलेक्टर अश्विनी कुमार रावत, नगर निगम आयुक्त, समस्त एसडीएम, जिलाधिकारीगण जनपद सीईओ एवं तहसीलदारगण उपस्थित रहे।

## झगड़े के बाद छात्र ने परिजन बुलाए, सहपाठी से की मारपीट

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 25 अगस्त।** थोक सब्जी मंडी के पास स्थित द् ग्रेट करन पब्लिक स्कूल के कक्षा-8 वीं के दो छात्रों का आपस में झगड़ा हो गया। झगड़े के दौरान एक छात्र ने अपने परिजन को सूचना देकर बुला लिया। मौके पर पहुंचें परिजन ने दूसरे छात्र की बेरहमी से मारपीट कर डाली। घटना स्कूल के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कोतवाली पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है।

जानकारी के अनुसार माधौपुरा की पुलिया से आगे थोक सब्जी मंडी के सामने द् ग्रेट करन पब्लिक स्कूल है। इस स्कूल में कक्षा-8 के छात्र कृष्णा तोमर 14 पुत्र राजू तोमर नि. कृष्ण विहार कॉलोनी बड़ोखर का उसकी कक्षा में पढ़ने वाले दूसरे छात्र से झगड़ा हो गया। झगड़ा बढ़ने पर उस छात्र ने अपने परिजन को सूचना दे दी। कुछ ही देर में परिजन मौके पर पहुंचें और उन्होंने छात्र कृष्णा तोमर की बेरहमी से मारपीट कर डाली। मारपीट का यह घटनाक्रम स्कूल के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। जो सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर वायरल हो रहा है। पीड़ित छात्र कृष्णा तोमर के परिजन की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने दो नामजद सहित चार अज्ञात लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## हैंडबॉल प्रतियोगिता : 8 टीमों के बीच हुए 4 रोमांचक मुकाबले

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 25 अगस्त।** सीबीएसई बोर्ड के तत्वावधान में टीएसएस इंटरनेशनल स्कूल में चल रही 4 दिवसीय बेस्ट जोन हैंडबॉल

**टीएसएस इंटरनेशनल स्कूल में 4 दिनी बेस्ट जोन प्रतियोगिता का आयोजन**

प्रतियोगिता के दूसरे दिन सोमवार को 8 टीमों के बीच चार रोमांचक मुकाबले खेले गए। इन मुकाबलों को देखकर दर्शक दीर्घा में बैठे छात्र-छात्राएं रोमांचित हो उठे।



उन्होंने तालियां बजाकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

इस मौके पर सीबीएसई के ऑब्जर्वर राजकुमार सेंगर, स्कूल के डायरेक्टर सुरेंद्र प्रताप सिंह सिकरवार, प्राचार्य श्रीमती शिखा श्रीवास्तव, स्पोर्ट्स टीचर राजेंद्र सिंह मौजूद रहे। आयोजन के दूसरे दिन सोमवार को गुजरात-राजस्थान ओर मध्यप्रदेश के बेस्ट स्कूलों की टीमें तीन खेल मैदानों पर खेलने के लिए पहुंचीं। जिसके बाद अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग में चयनित टीमों के बीच मुकाबले हुए। एमपीएस अजमेर और प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल की टीमों के बीच पहला मुकाबला हुआ।

प्रिंस इंटरनेशनल के खिलाड़ियों ने 5 गोल दागे, वहीं एमपीएस स्कूल के खिलाड़ी तीन गोल ही कर सके। मुकाबले को प्रिंस इंटरनेशनल की टीम ने 4 गोल से जीता। दूसरा मुकाबला नेशनल चिल्ड्रन स्कूल ग्वालियर और स्वामी केशवानंद स्कूल के बीच हुआ। केशवानंद स्कूल के प्लेयर्स ने 9 गोल किए, जबकि नेशनल चिल्ड्रन स्कूल की टीम 2 गोल कर पाई।

तीसरा मुकाबला सीसमो स्कूल और प्रिंस इंटरनेशनल झुनझुनवाला के बीच हुआ। जिसमें सीसमो स्कूल के 11 गोल के मुकाबले प्रिंस इंटरनेशनल के खिलाड़ी 6 गोल कर सके और मुकाबला सीसमो स्कूल की टीम ने जीत लिया। एमपीएस कलवार और सोफिया स्कूल जयपुर के बीच हुआ चौथा और अंतिम मुकाबला टाई रहा।

### एक नजर में



**नायकपुरा में मड़वाली माता मंदिर पर भागवत कथा शुरू**

**मुरैना, 25 अगस्त।** सरायछौला क्षेत्र के ग्राम नायकपुरा में स्थित मड़ वाली माता के मंदिर पर श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को भव्य कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। आयोजन के दौरान कथाचार्य पं. मुन्ना शास्त्री बमूरबसई, पं. रघुनाथ पाराशर शास्त्री के द्वारा श्रोताओं को कथा का रसपान कराया जाएगा। भागवत कथा में महंत जरजोधन दास बाबा परीक्षत रहेंगे।

**गौरक्षा दल के जिला उपाध्यक्ष बने मोहित प्रजापति**



**मुरैना।** गौरक्षा दल के प्रदेशाध्यक्ष गोपाल सिंह सिसौदिया ने मुरैना जिले में संगठन का विस्तार करते हुए मोहित प्रजापति को संगठन का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। अपने मनोनयन पर श्री प्रजापति ने संगठन के पदाधिकारियों के प्रति आभार जताया है। श्री प्रजापति ने संगठन के उद्देश्यों के अनुसार गौरक्षा के लिए कार्य करने का संकल्प लिया है। संगठन के सदस्यों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं है।

## दहशत फैलाने वालों पर 24 घंटे में कार्रवाई नहीं हुई तो सत्याग्रह

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/जौरा, 25 अगस्त।** कस्बा जौरा में आये दिन हो रही

**फायरिंग की घटनाओं को लेकर पूर्व विधायक मिश्रा ने एसडीएम जौरा को दिया ज्ञापन**

फायरिंग और गुंडागर्दी की घटनाओं से नागरिकों में भय व



दहशत का माहौल व्याप्त है। नगर में कानून व्यवस्था को बनाए रखने में जौरा पुलिस नाकाम साबित हो रही है। ताबड़तोड़ फायरिंग कर दहशत फैलाने वालों के विरुद्ध अगर 24 घंटे में प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो पुलिस और प्रशासन के विरुद्ध सत्याग्रह आंदोलन कर बाजारों को बंद किया जाएगा।

यह बातें जौरा के पूर्व विधायक महेशदत्त मिश्रा की ओर से सोमवार को एसडीएम शुभम शर्मा को दिए गए ज्ञापन में कही गईं है। ज्ञापन में श्री मिश्रा ने कहा है कि 20 अगस्त को पचबीघा क्षेत्र में जानलेवा हमले में कुछ लोग जख्मी हो गए थे। इसी घटना को लेकर दहशत फैलाने के लिए 24 अगस्त को दर्जनभर से अधिक नकाबपोश लोगों ने फिर से ताबड़तोड़ फायरिंग कर दहशत फैलाई। जिसकी वजह से शहर के नागरिक डर के माहौल में जीने को मजबूर है।

ज्ञापन में कानून व्यवस्था बनाए रखने में जौरा पुलिस पर कोताही बरतने के आरोप लगाए गए है। ज्ञापन सौंपने वालों में सूर्यनारायण जैन, अखिलेश जैन, दिलीप कुमार, सौरभ शर्मा, रविकांत, नरेन्द्र कुमार, मंजीत खान, गोपाल, आशीष जैन, गिर्राज, प्रवीण कुमार, शीतल जैन, विजय कुमार, रीतेश कुमार, प्रेमनारायण, हरिओम, श्रीकृष्ण मंगल, अक्षय कुमार जैन, नरेश सिंह, सुभाषचंद्र आदि शामिल थे।

## ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर गड्ढे में जाकर पलटा, 4 घायल

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 25 अगस्त।** दिमनी थाना क्षेत्र में लहर गांव के पास सवारियों से भरा एक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में रिक्शे

**दिमनी क्षेत्र में लहर गांव के पास सोमवार को हुआ हादसा**

में सवार 4 लोग जख्मी हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार सोमवार की दोपहर एक ई-रिक्शा



सवारियां लेकर जखौरागढ़ी गांव से दिमनी की ओर जा रहा था। इसी दौरान जब ई-रिक्शा लहर गांव के पास से गुजर रहा था। तभी अचानक रिक्शे के सामने एक ट्रेक्टर आ गया। चालक रिक्शे से अपना संतुलन खो बैठा और रिक्शा अनियंत्रित होकर गड्ढे में जाकर पलट गया। हादसे में रिक्शे में सवार नवीन शर्मा 43 पुत्र रामचरण शर्मा, महिला बृजेशदेवी शर्मा 35 पत्नी नवीन शर्मा, रामबेटी 45 पत्नी रामसेवक राठौर नि. अंबाह, धर्मसिंह 47 पुत्र रामेश्वर सिंह तोमर नि. जखौनागढ़ी घायल हो गए। सभी घायलों को निजी चार पहिया वाहन की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उनको उपचार के लिए भर्ती किया गया है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की थी।

### दादी प्रकाशमणि की स्मृति में रक्तदान शिविर आयोजित

**मुरैना/पोरसा, 25 अगस्त।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय संस्थान



गांधीनगर पोरसा द्वारा विश्व बंधुत्व दिवस के अवसर पर सोमवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर पुलिस थाना पोरसा परिसर में आयोजित हुआ। इस शिविर में ब्रह्मकुमारी भाई-बहनों ने कुल 35 यूनिट रक्तदान किया। शिविर में जिला अस्पताल ग्वालियर की मोबाइल ब्लड बैंक यूनिट वैन पहुंची थी। उसके साथ ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. अर्चना छारी, केके शर्मा, रणजीत सिंह, रजनी, एसके श्रीवास, आरएन जोशी, अनुराग दुबे आदि मौजूद थे। शिविर के दौरान ब्रह्मकुमारी रेखा बहन ने बताया कि जिन लोगों को आपात परिस्थितियों में रक्त की आवश्यकता होगी। ऐसे क्षेत्र के लोगों के लिए इस प्रकार के शिविरों में किया जाने वाला रक्तदान मददगार साबित होगा। इस मौके पर पोरसा थाना प्रभारी उपेन्द्र पाराशर, विष्णु तोमर, संदीप उपाध्याय, अरुण गुप्ता, राघवेन्द्र कटारे, पवन शर्मा, रवि गुप्ता, बृजकिशोर तोमर, वंदना रामकुमार गुप्ता, रामकुमार गुप्ता आदि उपस्थित थे।